# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–14 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

मकर संक्रांति पर आज महाकुंभ नगर में हुए पहले अमृत स्नान में करोड़ों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगाई। ठंड और शीतलहर के बावजूद सुबह साढ़े आठ बजे तक ही एक करोड़ से अधिक लोगों ने अमृत स्नान कर लिया। तेरह अखाड़ों से आए साधु संतों का जुलूस और अमृत स्नान भी आज पूरे दिन चलता रहा। सबसे पहले महानिर्वाणी पंचायती अखाड़े के साधु संतों ने अमृत स्नान किया। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि प्रदेश सरकार ने लगातार दूसरे दिन हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्पा वर्षा कराया।

***अखाड़ों के स्नान क्रम को तीन चरणों में बाटा गया। सबसे पहले संन्यासी, दूसरे चरण में बैरागी और तीसरे चरण में उदासीन अखाड़े ने स्नान किया। अखाड़ों का स्नान सुबह सवा छह बजे से शाम लगभग छह बजे तक जारी रहा। श्रद्धालु अपने साथ अविस्मरणीय यादें लेकर वापस जाएं जाए इसे लेकर संगम क्षेत्र में साधु संतों और श्रद्धालुओं के ऊपर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार महाकुंभ नगर प्रयागराज***

दिव्य और भव्य महाकुंभ के लिए प्रदेश सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं को श्रद्धालुओं ने भी सराहा। राजस्थान राज्य के जयपुर से आई रमा ने बताया–

***यहां पर सुविधाएं इस बार बहुत अच्छी हैं। बहुत अच्छे से सारी व्यवस्थित करी हुई है सुविधाओं को। कोई भी धक्का मुक्की भी नहीं है। आराम से सब जा रहे हैं आ रहे हैं। और जिसमें करोड़ो श्रद्धालु हैं सब बहुत अच्छे से दर्शन करके बहुत अच्छे से सब अपना अमृत स्नान लेकर के जा रहे हैं।***

महाकुंभ के दूसरे दिन लोगों को आस्था के कई रंग देखने के लिए मिले। समाचार कक्ष की एक रिपोर्ट–

**झारखंड से आए श्रद्धालुओं के जत्थे ने सामाजिक और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। हर हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष के बीच भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे नारे भी लगाए गए। त्रिवेणी संगम में नागा साधु आकर्षण का केंद्र बने रहे। घोड़े पर सवार और पैदल चल रहे नागा साधुओं ने शस्त्रों के साथ अपनी युद्धकला का भी प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिला नागा साधु भी अमृत स्नान का हिस्सा बनीं। इस दौरान प्रयागराज, महाकुंभ नगर और आसपास के जिलों में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और दुनिया में महाकुंभ के प्रति जो आकर्षण दिख रहा है वह अकल्पनीय है। उन्होंने बताया कि पहले दिन कल पौने दो करोड़ लोगों ने स्नान किया। कल पौष पूर्णिमा से शुरू हुआ महाकुंभ छब्बीस फरवरी तक चलेगा।

**********

मकर संक्रांति का पर्व पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। श्रद्धालु पवित्र तीर्थस्थलों और नदियों में आज सुबह से ही स्नान कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। प्रदेश में इस त्योहार को खिचड़ी पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। गोरखपुर जिले के गोरखनाथ मंदिर में आज ब्रह्म मुहुर्त से ही श्रद्धालु गुरु गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी चढ़ा रहे हैं। सबसे पहले गोरक्षपीठाधीश्वर और प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने खिचड़ी चढ़ाई । उन्होंने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं भी दीं।

**इस अवसर पर मैं पूरे प्रदेश वासियों को सभी संतो श्रद्धालुजनों, भक्तों को मंकर संक्रान्ति की हार्दिक बधाई देता हूँ मंकर संक्रान्ति भारत के पावन पर्व और त्योहारों की श्रृंखला का एक ऐसा पर्व है जो जगत पिता सूर्य के प्रति कृतज्ञयता ज्ञापित करने का एक उत्सव है**

बलरामपुर जिले के देवीपाटन शक्तिपीठ और महराजगंज जिले के गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दिन भर स्नान कर खिचड़ी चढ़ाया। अयोध्या जिले में श्रद्धालुओं ने पवित्र सरयू नदी में स्नान कर मंदिरों में पूजा पाठ किया। वहां हनुमानगढ़ी में हनुमान जी को खिचड़ी का भोग लगाया गया। वाराणसी के गंगा घाटों पर भी बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने स्नान किया। कुशीनगर जिले के तुर्कपट्टी में श्रद्धालुओं ने प्राचीन सूर्य मंदिर में भी पूजा अर्चना की।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में आज वीर नारियों और पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया।

**********

मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से प्रदेश के चित्रकूट जिले के राजोला गांव में अस्सी एकड़ भूमि पर रामायण एक्सपीरियंस पार्क बनाया जाएगा। इस पार्क में प्रभु श्रीराम की एक सौ इक्यावन फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। मध्य प्रदेश सरकार ने इसके लिए सात सौ पचास करोड़ का डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार किया है।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले चार दिनों तक प्रदेश में कई स्थानों पर घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर कल गरज चमक के साथ बारिश भी हो सकती है।

**********